卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 21 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦27 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## दिवाली से पहले बड़ी सौगात

### परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हुई 130 नई बसें शामिल



देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश की धामी सरकार ने जनता को दीपावली से पहले बड़ी सौगात दी है। त्यौहार से ठीक पहले उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 130 नई बसें शामिल हो गई है। इन बसों को बीएस-6 मॉडल में बनाया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई बसों को हरी झण्डी दिखाई। आईएसबीटी में आयोजित फ्लैग ऑफ कार्यक्रम सीएम धामी ने आईएसबीटी से आज पांच बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा हमारी सरकार परिवहन निगम को मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पहले परिवहन निगम 50 करोड़ से अधिक के घाटे में था जो पिछले तीन साल से लगातार मुनाफे में है। हमारा संकल्प है कि राज्य के सुदूर गांवों को बेहतर सड़क और परिवहन तंत्र से जोड़ा जाए। ये अत्याधुनिक बसें इसी संकल्प को पूरा करने में सहायक साबित होंगी। ये बसें पहाड़ की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए डिजाइन की गई हैं। इन बसों के आने से पहाड़ी इलाकों में सफर करना आसान होगा। कार्यक्रम में धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे सहित परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## डिजिटल अरेस्ट करके तीन करोड़ ठगने वाला गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। स्पेशल टास्क फोर्स ने दून के एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर तीन करोड़ रुपये की ठगी करने वाले साइबर ठग को उत्तर प्रदेश के बहराइच से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि राजपुर निवासी अनिल कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्हें 20 मई 2024 को अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि उनके पार्सल के अंदर फर्जी पासपोर्ट, नशा व अन्य सामान है। उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखाकर अड़तालीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट किया गया और उनसे विभिन्न तिथियों को तीन करोड़ रुपए ठग लिए। इस मामले में इंस्पेक्टर साइबर क्राइम त्रिभुवन रौतेला, दारोगा कुलदीप टम्टा व राहुल कापड़ी की देखरेख में एक टीम गठित की गई। साइबर ठग के मोबाइल नंबर व खातों की जांच करने के बाद पुलिस टीम ने शनिवार को साइबर ठग मनोज निवासी बसौना केसरगंज, थाना रानीपुर जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश वर्तमान निवासी सिलौटा रोड कोतवाली देहात बहराइच उत्तर प्रदेश को सिसई हैदर सिलौटा रोड बहराइच उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया।


चाँदना ज्वैलर्स
मो0- 98375 88917, 98375 60882, 89589 87602
प्रो0राजेन्द्र चाँदना
यतिन चाँदना,भव्य चाँदना
Deals In Gold Silver And Diamond
मेन बाजार, पंजाबी मार्केट, रुद्रपुर


## मुख्य बाजार से हटाने से भड़के ठेली वालों ने किया प्रदर्शन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व पर मुख्य बाजार में पूजा सामग्री बेचने वाले ठेली स्वामियों को गांधी पार्क में सामान बेचने के दिये फरमान के खिलाफ आज दर्जनों ठेली स्वामियों ने बाटा चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और बाटा चौक पर ठेली लगाने लगे। मामले की जानकारी मिलने पर बाजार चौकी प्रभारी सुरेन्द्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने ठेली स्वामियों को समझाबुझाकर शांत किया साथ ही सभी ठेलियों को वहां से हटा दिया। बताया जाता है कि पुलिस कप्तान द्वारा दीपावली पर्व पर मुख्य बाजार में निरीक्षण के दौरान यातायात व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी ठेली स्वामियों को गांधी पार्क में ठेली लगाने के निर्देश दिये गये थे। जिसके विरोध में आज दर्जनों ठेली स्वामी बाटा चौक पर एकत्रित हुए और उन्होंने इस आदेश को मानने से इंकार कर बाटा चौक पर ठेली लगानी शुरू कर दी। इसकी जानकारी जब बाजार चौकी प्रभारी को (शेष पृष्ठ सात पर)

## सामिया बिल्डर्स पर धोखाधड़ी का एक और केस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामिया बिल्डर्स का विवादों से पीछा नहीं छूट रहा है। सामिया लेक सिटी के बिल्डर्स की धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित ने 11.52 लाख रूपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। दर्ज रपट में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2006 में, सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स के प्रबंध निदेशक जमील अहमद खान ने उससे और उसकी पत्नी स्वाति चतुर्वेदी से संपर्क कर बताया एनआरआई लेक सिटी, रुद्रपुर, के नाम से एक नई परियोजना विकसित कर रहे हैं। बाद में परियोजना का नाम बदलकर सामिया लेक सिटी कर दिया गया। उन्होंने झूठा आश्वासन दिया यह परियोजना एक अच्छा निवेश होगी और 18-24 महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी। 15.07.2006 को 200 वर्ग गज के दो प्लॉट बुक करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके बाद उन्होंने अपने नाम पर और पत्नी स्वाति चतुर्वेदी के नाम पर चार प्लॉट बुक कर 30.07.2007 को 11,52,000 रुपये का भुगतान किया। बिल्डर ने नंबर डी-194 आवंटित किया गया था। सामिया बिल्डर ने जो सरकार द्वारा स्वीकृत प्लॉट का नक्शा दिखाया, उसका अंत प्लॉट नंबर 193 था और नक्शे में कोई प्लॉट नंबर डी 194 नहीं है। इस पुराने नक्शे के अनुसार अंतिम प्लॉट नंबर डी-195 है और मेरा प्लॉट डी 193 और डी 195 के बीच है, जैसा कि पंजीकृत विक्रय पत्र में दर्शाया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर असीम ने सलाह दी कि प्लॉट का नक्शा गलत था और उनका प्लॉट वहां था। यह धोखा देने का प्रयास है। पिछले कई वर्षों से सामिया बिल्डर्स के विभिन्न अधिकारियों से (शेष पृष्ठ सात पर)

## छात्र की पिटाई पर पंतनगर विश्वविद्यालय में बखेड़ा



पंतनगर। पंतनगर में छात्रों के दो गुट भिड़ गये। इस दौरान कई छात्रों को चोटें आयी है। घायल छात्रों के साथ छात्रों ने आज कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। बताया जा रहा है कि विगत दिवस एक जूनियर छात्र हॉस्टिल में सिगरेट पी रहा था, सीनियर छात्र ने इसको लेकर उसे टोक दिया, जिसके बाद उसने कालेज (शेष पृष्ठ 7 पर)

## हाईवे पर बदमाशों का तांडव,कानून व्यवस्था की खुली पोल

### भाजपा नेता और उनकी पत्नी पर हथियारबंद बदमाशों ने किया हमला, नगदी और सोने की चेन लूटी





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा की सख्ती के बावजूद बदमाश खुलेआम कानून व्यवस्था की धाज्जियां उड़ा रहे हैं। हाईवे पर बेखौफ बदमाशों ने किच्छा के भाजपा नेता और उनकी पत्नी को रास्ते में रोककर हमला कर दिया। हमले में दंपत्ति बुरी तरह घायल हो गये। हमलावर बदमाश हजारों की नगदी और सोने की चेन लूटकर फरार हो गये। रिपोर्ट दर्ज करने के बावजूद पुलिस अभी तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा पायी है। किच्छा के पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष वार्ड 15 पंजबी कालोनी निवासी सुभाष तनेजा विगत रात्रि रूद्रपुर से दिवाली का सामान खरीदकर स्कूटी पर वापस घर लौट रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थी। रात्रि करीब साढ़े नौ बजे किच्छा रोड हाईवे पर राधा स्वामी सत्संग घर के पास पीछे मोटरसाईकिल पर सवार होकर आये (शेष पृष्ठ 7 पर)

## ‘नौ दिन में एक कदम’ भी नहीं चल पाते ‘सूबे के नौकरशाह’

### समय से रिपोर्ट ना मिल पाने के कारण रफ्तार नहीं पकड़ पाई नियम विरुद्ध जमीन खरीदी की जांच,राज्य के मुख्य सचिव के आदेश का अनुपालन भी सुनिश्चित नहीं कर पाए सूबे के नौकरशाह

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड के नौकरशाहों के काम करने की रफ्तार इतनी सुस्त है कि राज्य की नौकरशाही सामान्यतया नौ दिन में एक कदम भी नहीं चल पाती। प्रदेश के नौकरशाहों की सुस्ततम कार्य प्रणाली का यह नमूना, धामी सरकार द्वारा राज्य में बाहरी लोगों द्वारा नियम विरुद्ध जमीन खरीदने की जांच पड़ताल किए जाने के निर्देश को कार्य रूप में परिणित किए जाने को लेकर राज्य शासन की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा जारी एक आदेश, के संबंध में सामने आया है । हैरत की बात है कि इसी अक्टूबर माह की सात तारीख को उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव ,जो कि राज्य की सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी भी है, द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में सूबे के नौकरशाह नौ दिन में एक कदम भी नहीं चल सके। गौरतलब है कि उत्तराखंड में पिछले दिनों सशक्त भू कानून का मुद्दा गरमाने तथा वर्तमान में प्रचलित भू कानून के दुरुपयोग की शिकायतें प्राप्त होने के बाद ,राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सशक्त भू कानून लाने की घोषणा के साथ-साथ बाहरी राज्यों के लोगों द्वारा नियमों से इतर जाकर उत्तराखंड में जमीन



खरीदने की जांच के निर्देश भी दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन के लिए उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सात अक्टूबर को गढ़वाल और कुमाऊं के कमिश्नर के साथ सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर ,एक सप्ताह के भीतर उत्तराखंड में बाहरी लोगों द्वारा नियम विरुद्ध जमीनें खरीदने संबंधी रिपोर्ट शासन को सौंपने के निर्देश दिए थे, लेकिन हैरानी की बात ये है कि डेडलाइन खत्म होने के कई दिनों बाद भी राजस्व परिषद को अब तक राज्यभर में नियम विरुद्ध खुर्द-बुर्द की गई सरकारी जमीन का लैंड रिकॉर्ड नहीं प्राप्त हो सका है ।वह इसलिए, क्योंकि निर्दिष्ट समय सीमा गुजरने के कई दिनों बाद भी अधिकारी इससे जुड़ी रिपोर्ट एकत्रित नहीं कर पाए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अभी इस मामले में रिपोर्ट संकलित करने के लिए काफी वक्त लगने वाला है।राजस्व परिषद के आयुक्त चंद्रेश यादव के अनुसार मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के निर्देश के बाद बाहरी लोगों द्वारा नियम विरुद्ध जमीन खरीदने के मामले में अभी तक सभी जिलों से रिपोर्ट नहीं आई है। उनके अनुसार सभी जिले अभी इस रिपोर्ट पर एक्ससाइज कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति ने धूमधाम से मनायी 25वीं वर्षगांठ

## विशाल मां भगवती जागरण में भजनों पर पूरी रात झूमते रहे श्रद्धालु

गदरपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नं 6 आवास विकास स्थित बारात घर मे पर्वतीय संस्कृति उत्थान समिति द्वारा समिति की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर विशाल मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण के शुभारंभ समिति के अध्यक्ष रविंद्र आर्य एवं सचिव मनोज कांडपाल ने मां भगवती के सम्मुख ज्योत प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात बाजपुर क्षेत्र से मां भगवती के गुणगान हेतु आयी मण्डली के प्रमुख सेवादार उमेश कुमार द्वारा जागरण की शुरुवात की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे,भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस ,अनिल सिंह पंकज सेतिया, मोहन सिंह पानू, चंदन सिंह न्याल द्वारा पूरी समिति को समिति के 25वीं वर्षगांठ की बधाई दी।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने कहा पर्वतीय उत्थान समिति ने हमेशा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रिम भूमिका निभाते हुए समाज की सेवा की है जिसके लिए समिति का प्रत्येक व्यक्ति बधाई का पात्र है।समिति के 25वीं वर्षगांठ पर माँ भगवती के दरबार का आयोजन होना सराहनीय है उन्होंने कहा दीपावली का पावन त्योहार भी आ गया है और माँ भगवती का यह दरबार सभी क्षेत्रवासियों के लिये सुख समृद्धि का द्वार खोलने के लिए अपनी कृपा बरसायेगा।भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने पर्वतीय सांस्कतिक उत्थान समिति को 25वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि पर्वतीय समाज उत्तराखंड की शान है आज सनातन की मजबूती के लिए पर्वतीय समाज का महत्वपूर्ण योगदान है।उन्होंने कहा सनातन के प्रमुख धार्मिक स्थल भी पर्वतों की महान चोटियों पर स्थित है जहां दर्शन करने मात्र से ही मनुष्य भवसागर से पर हो जाता है उन्होंने बाबा केदारनाथ एवं बद्री विशाल के जयकारे लगाते हुए पर्वतीय उत्थान समिति को बधाई दी।वही समिति ने आये सभी अतिथिगणों का पटका पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर पर्वतीय सास्कृतिक उत्थान समिति के संरक्षक बलराम आर्य ,भूपेंद्र सिंह बिष्ट, पंकज कांडपाल,डॉ नवीन चंद्र उपाध्याय, नंदा वल्लभ भट्ट, एडवोकेट गजेंद्र सिंह बिष्ट, पदम सिंह बिष्ट ,अध्यक्ष रविंद्र आर्य, सचिव मनोज कांडपाल, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह बोरा, उपाध्यक्ष मनोज पांडे, उपाध्यक्ष चंपा पांडे , प्रेमचंद आर्य, राजेंद्र बिष्ट ,प्रमोद टम्टा,, हुकुम सिंह बिष्ट ,बहादुर सिंह नेगी ,अंकुर कांडपाल, हीरा सिंह बिष्ट ,जीवन सिंह बिष्ट, राजेंद्र जोशी ,संजय असगोला,बलवंत सिंह दानू, हेमंत जोशी, रणजीत सिंह बिष्ट, शिव शर्मा, मोहन सिंह पानू ,लाल सिंह न्याल, दीपक कालरा,अनिल सिंह ,प्रशांत सिंह,मनोज गुम्बर मिंटू,परमजीत सिंह,पदमा देवी, आनंदी देवी, नंदी देवी, पुष्पा देवी, सुबोधिनी कांडपाल ,सुनीता कांडपाल, दीक्षा कांडपाल, उमा रतूड़ी, दिव्यांशी रतूड़ी, मोहनी देवी,नीलम आदि उपस्थित रहे।







# मुठभेड़ में वन तस्कर को लगी गोली

## नानकमत्ता क्षेत्र में वन विभाग की टीम पर फायरिंग के मामले में वांछित था आरोपी

रूद्रपुर/किच्छा(उद संवाददाता)। नानकमत्ता थाना क्षेत्र के रंसाली वन क्षेत्र में बीते दिनों वन विभाग की टीम पर फायरिंग करने वाले एक वन तस्कर को पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया। देर रात एसएसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायल से पूछताछ की और मुठभेड़ के बारे में जानकारी ली। बता दें थाना नानकमत्ता क्षेत्र के ग्राम कैथुलिया में वन विभाग द्वारा बीते दिनों की गयी छापेमारी के दौरान वन रेंज रंसाली की टीम पर कुछ तस्करों ने फायर किया गया था जिसमें एक वन कर्मी गोली लगने से घायल हो गया था। मामले में वन कर्मी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में तस्करों के खिलाफ



मुकदमा पंजीकृत किया। एसएसपी के निर्देश पर हमलावर तस्करों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गयी थी। मामले में पुलिस तीन नामजद आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि अन्य फरार चल रहे थे। शनिवार देर शाम एक वांछित अभियुक्तों के जंगलों से निकालकर भागने की सूचना पर पुलिस टीम ने कांबिंग शुरू की। पुलिस टीम ने पुलभट्टा थाना क्षेत्र के सहदोरा के जंगल में वन तस्कर को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिए। जवाब में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की जिसमें एक तस्कर गोली लगने से घायल होकर वहीं गिर गया। उसे पुलिस ने हिरासत में लेकर किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती राया। पकड़े गये तस्कर की पहचान जसपाल सिंह उर्फ जसवीर उर्फ जस्सा पुत्र संता सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी नानकमत्ता के रूप में हुयी है। देर रात सूचना मिलने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने किच्छा अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली और पकड़े गये वन तस्कर से पूछताछ की।

# विधायक भगत ने किया पेयजल टैंक का लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित पेयजल टैंक का लोकार्पण पूर्व मंत्री एवं कालाढुगी के विधायक बंशीधर भगत द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 19 के लिए 26 लाख का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। जिसमें काम जल्द चालू होगा तथा पेयजल की जो भी परेशानियां



आ रही है उसे दूर कर दिया जाएगा। इस मोर पर निवर्तमान वर्तमान मेयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, निवर्तमान पार्षद अमित सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह नेगी, जिला महामंत्री युवा मोर्चा कनिष्क ढींगरा, शक्ति केंद्र संयोजक अतुल जायसवाल, बूथ अध्यक्ष भारत बिष्ट, दीपक गुप्ता, स्नेह लता गुप्ता, सोनू गुप्ता, प्रमोद बोहरा आदि मौजूद थे।

# थाल सेवा ने 6 साल में 25 लाख थाल पूरे किए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास थाल सेवा स्थल पर लिटिल मिरेकल फाउंडेशन द्वारा थाल सेवा पिछले 6 वर्षों से चलाई जा रही है, जिसमें जरूरतमंदों को 5 रुपए प्लेट में भरपेट भोजन दिया जाता है। थाल सेवा ने पिछले 6 वर्षों में 25 लाख थाल की सेवा पूरी कर ली है। टीम थाल सेवा ने अपना स्थापना दिवस मनाते हुए थाल सेवक सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा व निवर्तमान मेयर नगर निगम जोगेंद्र पाल रौतेला अतिथि रहे। उनके द्वारा थाल सेवा में सहयोगी सेवकों को प्रशिष्टि पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने थाल



सेवा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया थाल सेवा पिछले 6 वर्षों से निस्वार्थ सेवा कर रही हैं। जिसके साथ-साथ वह उपचार सेवा, पेड़ सेवा, शहर सेवा आदि करते आ रहे हैं। अतिथियों ने टीम लिटिल मिरेकल फाउंडेशन व थाल सेवकों को बधाई देते हुए हौसला अफजाई की। कार्यक्रम का संचालन स्वति कपूर व रक्षित वर्मा ने किया। टीम थाल सेवा के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मानसेरा ने बताया संस्था पिछले 6 वर्षों में 25 लाख थाल पूर्ण कर चुकी है और संस्था के आगे और भी लक्ष्य है जिस पर टीम निरंतर सेवा कार्य कर रही है।कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, उमंग वासुदेवा, राजीव बग्गा, प्रवीण मित्तल, राजीव वाही, हरित कपूर, संजय बग्गा, अतुल वर्मा, सुनीता वासुदेवा, एकता वर्मा, रीना मानसेरा आदि ने सहयोग किया।

# लाखों की नगदी सहित 19 जुआरी और एक सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एस एस पी के निर्देश पर पुलिस ने हार - जीत की बाजी लगाने वालों पर कड़ा रुख अपनाया हुआ है। चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीमों ने चार अड्डों से लाखों की नगदी सहित 19 जुआरियों और 1 सट्टेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी राजेश यादव के नेतृत्व में हल्द्वानी पुलिस द्वारा चौंकिग के दौरान दुकान नंबर 65 चौकी मण्डी क्षेत्र से 7 जुआरिओं को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये ताश के पत्तो सहित कुल 2,05,110 रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। जिनमें शुभम तेजवानी पुत्र लक्ष्मण दास तेजवानी निवासी बरेली रोड, हुकुम सिह पुत्र मिठ्ठूलाल सिंह निवासी हडिया थाना अजीम नगर जिला रामपुर, मुकेश मौर्य पुत्र शिम्भु दयाल निवासी विठॉरिया नंबर 1 गौधडा, मुखानी, संजीव कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी जीतपुर नेगी रामपुर रोड, देवीदास पुत्र राम प्रकाश विठौरिया नंबर 1 गाँधड़ा, मुखानी, सोमपाल पुत्र नन्द किशोर निवासी ढकिया थाना देवरनिया जिला बरेली हाल चौफुला चौराहा मुखानी तथा अंकित जायसवाल पुत्र लालता प्रसाद निवासी तीनपानी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 2,05,110 रुपये व ताश गड्ध्डी बरामद की। पुलिस टीम में उनि भुवन राणा चौकी प्रभारी मंडी, उनि



संजीत राठौर प्रभारी एसओजी, उनि नरेन्द्र कुमार, अउनि दिगम्बर दत्त, कानि. अरुण राणा, राजन राम, मौ० अजहर चंदन व संतोष शामिल थे। वहीं बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम ने पुलिस उपाधीक्षक हल्द्वानी नितिन लोहनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गौजाजाली आम का बगीचा में 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1,40,150 रुपए बरामद किए। पकड़े गए जुआरियों में सलीम पुत्र अब्दुल गफ्फार सैफी निवासी आम का बगीचा बनभूलपुरा, साकिब पुत्र नफीस अहमद निवासी गोलचा कंपाउंड बनभूलपुरा, अमृतपाल पुत्र होरीलाल निवासी गोविंदपुर गढ़वाल मुखानी, देवेंद्र पाल पुत्र चनी राम निवासी अर्जुनपुर गोरा पड़ाव, शंकर पुत्र रामलाल निवासी आम का बगीचा बनभूलपुरा, जावेद पुत्र जाकिर हुसैन निवासी शनी बाजार रोड बनभूलपुरा, शाकिर पुत्र जमील अहमद निवासी आम का बगीचा बनभूलपुरा तथा राजेश गुप्ता पुत्र बालक राम गुप्ता निवासी चौधरी कॉलोनी बनभूलपुरा शामिल हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उपनि. शंकर नयाल, का. दिलशाद अहमद, भूपेंद्र ज्येष्ठा, यासीन, सुरेंद्र नैनवाल व शिवम् कुमार शामिल रहे। इधर कोतवाली लालकुआ पुलिस टीम ने डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उ.नि. गौरव जोशी के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान डूंगरपुर कांडपाल कालोनी के पास हल्दूचौड़ में जुआ खेलने वाले 4 लोगों को 14320 रुपए व ताश पत्तों सहित गिरफ्तार कर लिया। जिनमें केतन सिजवाली पुत्र गणेश सिजवाली निवासी डूंगरपुर हल्दूचौड़, लालकुआं सावन पथनी पुत्र दीवान सिंह निवासी गोपीपुरम हल्दूचौड़, नीरज कुमार पुत्र गोपाल राम निवासी दीना हल्दूचौड़, लालकुआं बसन्त बल्लभ जोशी पुत्र नंदा बल्लभ जोशी निवासी डी क्लास हल्दूचौड़ शामिल हैं। पुलिस टीम में उनि गौरव जोशी चौकी प्रभारी हल्दूचौड़, उनि प्रेम बल्लभ जोशी, का. अनिल शर्मा, गुरमेज सिंह व मनीष सिंह शामिल थे। जबकि थाना कालाढूंगी पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष पंकज जोशी के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान रामलीला ग्राउण्ड के पास से इसरार अहमद उर्फ छुटकन पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी वार्ड 3 को कुल 2560 रूपये व सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में अपर उनि तनवीर आलम, कानि. अमनदीप सिंह व किशन नाथ शामिल थे।

# 29 अक्टूबर को वितरित होंगे कमला नेहरू पुरस्कार के चेक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इण्टर कॉलेज में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य सतीश कुमार द्वारा कमला नेहरू पुरस्कार के चेक वितरित किए जाएंगे। हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट के 101 छात्र-छात्राओं ने 75 प्रतिशत अंक अर्जित किए। सभी छात्र-छात्राओं को 11बजे अपने अभिभावकोंके साथ विद्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है।

# आनंदम ज्वेलर्स में एक लाख की खरीदारी पर गोल्ड कॉइन फ्री

## डायमंड व सोने की ज्वैलरी की खरीददारी पर मेकिंग चार्ज में भी दी जा रही भारी छूट


अखिल सचदेवा


अंकुश सचदेवा


सुरेंद्र सचदेवा

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर के गूलरभोज रोड पर पीके स्वीट्स के सामने आनंदम ज्वेलर्स पर भी अब एक लाख रु की खरीदारी पर सोने का सिक्का फ्री या 2000 रु नगद ऑफर आज से चालू हो गया है जो 2 नवंबर तक लागू रहेगा। आज के समय में, चाहे वो कोई उत्पाद हो गुणवत्ता का महत्व सबसे ऊपर है। गुणवत्ता ग्राहक संतुष्टि और व्यापारिक सफलता के द्वार खोलती है।आनंदम ज्वेलर्स के स्वामी सुरेंद्र सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि सोचिए, जब आप कोई सामान खरीदते हैं और वह लंबे समय तक चलता है, तो आपका विश्वास उस ब्रांड में बढ़ जाता है। यही गुणवत्ता का जादू है। गुणवत्ता न केवल उत्पादों के जीवन को बढ़ाती है बल्कि ग्राहकों के दिलों में भी एक विशेष स्थान बना लेती है। इसी गुणवत्ता के साथ पिछले कई वर्षों से हम अपने ग्राहकों का दिल जीत रहे हैं और उन्हें अच्छी क्वालिटी के आभूषण उपलब्ध करा रहे हैं हम अपने ग्राहकों के लिए समय-समय पर अलग-अलग तरह के ऑफर लेकर आते हैं इस दीपावली 27 अक्टूबर से एक लाख रु की खरीदारी पर सोने का सिक्का फ्री डायमंड व सोने की मेकिंग चार्ज पर पहले 15% चार्ज लिया जाता था जिस कम करके अब 12% लिया जाएगा 3% की मेकिंग चार्ज में भी छूट कर दी गई है यह ऑफर दो नवम्बर तक के लिए लागू है। **शुद्धता की गारंटी है गोल्ड हॉलमार्किंग:** आनंदम ज्वेलर्स के स्वामी सुरेंद्र सचदेवा ने बताया कि आज के टाइम में हॉलमार्किंग वाले आभूषण ही खरीदें गोल्ड हॉलमार्किंग एक तरह की गारंटी है। इसके तहत हर गोल्ड ज्वैलरी पर भारतीय मानक ब्यूरो अपने मार्क के द्वारा शुद्धता की गारंटी देता है। यदि आसान भाषा में समझें, तो यह विश्वसनीयता प्रदान करने का एक माध्यम है। यदि गहनों पर हॉलमार्क है तो इसका मतलब है कि उसकी शुद्धता प्रमाणित है।




**कैसे पहचानें सोने की हॉलमार्किंग:** आनंदम ज्वेलर्स के स्वामी अंकुश सचदेवा ने ग्राहकों को हॉलमार्किंग की पहचान कैसे करें इसकी जानकारी देते हुए बताया कि ग्राहक अब भी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उन्हें ये कैसे पता चलेगा कि जो ज्वैलरी वो खरीद रहे हैं वो हॉलमार्क वाली है या नहीं। ग्राहकों को यह तो पता है कि बीआईएस का चिह्न यह प्रमाणित करता है कि गहना भारतीय मानक ब्यूरो के स्टैंडर्ड पर खरा उतरता है। लेकिन अब लोगों के मन में सवाल ये है कि उन्हें इस बात की पुष्टि कैसे होगी कि जो ज्वैलरी वो खरीद रहे हैं वास्तव में उसकी हॉलमार्किंग हुई है या नहीं।हॉलमार्किंग पहचानने के छ अंक आप जब भी किसी ज्वैलर से सोना खरीदने जाएंगे, तो उसपर आपको छ अंक देखे। यदि इन छ में से एक भी निशान ज्वैलरी पर नहीं होगा, तो समझ जाईये कि ज्वैलर आपको जो सोना दिखा रहा है, उसकी शुद्धता प्रमाणित नहीं है और संभव है कि आपको ठगा जा रहा है। आप सोने पर छ अंक (HUID) के (BIS) केयर एप पर डालने के बाद सोने की शुद्धता वेरीफाई कर सकते है। **24 कैरेट सोना होता 99.9 प्रतिशत शुद्ध:** आनंदम ज्वेलर्स के स्वामी अखिल सचदेवा ने बताया कि सोने के मामले में कैरेट का इस्तेमाल उसकी शुद्धता को मापने के लिए किया जाता है। अगर सोना 24 कैरेट है, मतलब इसमें 99.9 फीसदी शुद्ध सोना है। 22 कैरेट सोने की शुद्धता का स्तर 91.7 फीसदी होता है, जबकि 20 कैरेट सोने में 83.33 फीसदी सोने की शुद्धता होती है। इसी तरह, 18 कैरेट सोना में 75 फीसदी सोने की शुद्धता है।











SONY
गुरू मां
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
DIRECTOR
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
Advanced AI
SPECIAL FESTIVE OFFERS*
3 YEARS WARRANTY*
INSTANT CASHBACK UPTO RS.25,000/-
1 EMI FREE*
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs. 64,990/-
BUY NOW AT Rs. 2,995/-
BRAVIA 9
Our brightest 4K ever
SPECIAL OFFER
Rs. 7,500/-
Soundbar Combo Offer
Save up to Rs. 64,990/-
XR Mini LED
Range starts from Rs.4,49,990/-
BRAVIA 8
Aesthetic slimness, blends in beautifully
SPECIAL OFFER*
Rs. 5,500/-
Soundbar Combo Offer
Save up to Rs. 52,490/-
XR OLED
Google TV
Range starts from Rs.2,19,990/-
BRAVIA 7
Perfectly balanced, entertains everyone brilliantly
SPECIAL OFFER
Rs. 2,995/-
Rs. 5,995/-
GET
XR Mini LED
Google TV
Range starts from Rs.1,82,990/-
X90L
Vibrant Contrast. Vivid Colours.
SPECIAL OFFER
Buy now
Rs. 2,995/-
Soundbar Combo Offer
Save up to Rs. 49,990/-
XR LED
Google TV
Range starts from Rs.1,24,990/-
BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
X1
4K HDR Processor
SPECIAL OFFER
Buy now
Rs. 2,995/-
BRAVIA Theatre Combo
Rs. 3,995/-
Google TV
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50)
Range starts from Rs.83,990/-
BRAVIA 2
Wonderful World of 4K
X1
4K Processor
SPECIAL OFFER*
Buy now
Rs. 1,849/-
BRAVIA Theatre Combo
Rs. 2,995/-
Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.45,990/-
Finance offers powered by:
pine labs | Paytm
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ICICI Bank
SBI
YES BANK
HDFC BANK
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
HDB
HDFC BANK
TVS CREDIT
गुरू मां
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR
Ph.: 9690282777
84108 88888
HALDWANI
Tikonia - 9997207007
Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR
Ramnagar Road
Ph. 8791989500
GADARPUR
Gurunanak Enterprises
Ph.: 9927850999
MORADABAD
Kant Road Ph.: 7500839146
Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA
Deepak Electronics
Ph.: 7017575920
PITHORAGARH
Shiv Enterprises
9760633187
LALKUAN
New Radhey Communication
8923493000
HARIDWAR
Jawalapur
Ph.: 9761699704

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकवादियों की चुनौती

जम्मू-कश्मीर में लंबे समय के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराए गए और वहां की जनता की चुनी हुई सरकार सत्ता में आई। यह उम्मीद की गई कि वहां अब लोकतंत्र की नई बयार बहेगी और स्थानीय लोगों को अपनी अन्य समस्याओं के साथ सबसे बड़ी चुनौती आतंकवाद से राहत मिलने का रास्ता खुलेगा। मगर जम्मू-कश्मीर में सरकार के गठन के बाद आतंकवादी संगठनों ने जिस तरह सुनियोजित तरीके से लगातार हमला करना शुरू कर दिया है, उससे ऐसा लगता है कि इन हमलों के जरिए वे यह संदेश देना चाह रहे हैं कि वहां सरकार का स्वरूप चाहे जो हो, मगर आतंकवादी उसके सामने चुनौती खड़ी करेंगे। यों प्रदेश में आतंकी हमले कभी कम कभी ज्यादा के स्वरूप में होते रहे हैं, लेकिन हाल में लगातार लक्ष्य बना कर हत्या करने से लेकर सुरक्षा बलों पर हमले जैसी कई घटनाएं सामने आईं। इससे साफ लगता है कि आतंकवादी समूह अब हताशा के गर्त में गहरे डूब कर बेलगाम हो रहे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को सेना के एक वाहन पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया, जिसमें दो जवान शहीद हो गए और उस टुकड़ी के साथ कुली का काम करने वाले दो अन्य लोगों की भी जान चली गई। कई लोगों को बुरी तरह घायल अवस्था में अस्पतालों में दाखिल कराया गया। दूसरी ओर, त्राल इलाके में एक प्रवासी मजदूर पर भी गोलीबारी की गई, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। इससे पहले हाल ही में 20 अक्तूबर को गांदरबल और 18 अक्तूबर को शोपियां में आतंकियों ने लक्षित हमले करके सात लोगों की हत्या कर दी थी। जम्मू-कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार के काम करना शुरू करने के बाद हाल के कुछ दिनों के दौरान आतंकवादियों ने जिस तरह लगातार लक्ष्य बना कर प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ वहां के स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों की हत्या करना तेज कर दिया हैं, उससे एक अलग आशंका खड़ी होती है। आतंकी संगठनों के हमले में सुरक्षा बलों की शहादत हो रही है और प्रवासी मजदूरों की जान जा रही। ऐसा करके शायद यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि प्रदेश आतंकवाद से बुरी तरह प्रभावित है और वहां के निवासी हमेशा जोखिम में हैं। हैरानी की बात यह है कि ये उन्हीं अलगाववादी संगठनों से जुड़े लोग हैं, जो वहां की आबादी के हित में लड़ाई लड़ने का दावा करते रहते हैं और स्थानीय लोगों को बरगलाने की कोशिश भी करते हैं। सवाल है कि आए दिन सुरक्षा बलों के शिविरों से लेकर अन्य राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में पहुंचे लोगों की हत्या करके उनका मकसद कैसे पूरा हो जाएगा या वे वहां किस तरह का भविष्य बनाएंगे। हालांकि यह साफ है कि कश्मीर के इलाके में जैसे-जैसे उनकी जड़ कमजोर हो रही है, स्थानीय आबादी के बीच आतंकियों की जगह खत्म हो रही है और लोकतंत्र के प्रति समर्थन तेजी से बढ़ रहा है, वैसे-वैसे आतंकवादी संगठनों के बीच हताशा गहरा रही है। यह चुनावों के दौरान भी साफ दिखा कि जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी राजनीति के असर या आतंकवाद के डर को धता बता कर आम लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया और अपनी पसंद की सरकार बनाई। अब लोगों को यह भी उम्मीद है कि नई सरकार आतंक के माहौल से भी उन्हें छुटकारा दिलाएगी। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर की सरकार सुरक्षा बलों के साथ उचित तालमेल बना कर प्रदेश में आतंकी तत्त्वों से निपटने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना और नई रणनीति पर काम करे।

# महिला कबड्डी प्रतियोगिता में रुद्रपुर महाविद्यालय चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग,कुमाऊं विश्वविद्यालय,नैनीताल द्वारा कराया गया। उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर सर्वजीत सिंह ने किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर सर्वजीत सिंह तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डी।डी। जोशी द्वारा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा की शुभकामनाएं दी तथा खेल को अनुशासन से खेलने के लिए भी कहा। क्रीड़ा अधिकारी कुमाऊँ विश्विद्यालय ,नैनीताल डॉ. नागेन्द्र शर्मा ने बताया उक्त प्रतियोगिता में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय रुद्रपुर, राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय काशीपुर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर डीएसबी परिसर,नैनीताल तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा की महिला टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,खटीमा के मध्य कराया गया इस मुकाबले में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा को 38/15 के स्कोर से हराया। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,रामनगर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर को 25/09 स्कोर से हराया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर तथा डी।एस।बी परिसर नैनीताल के मध्य खेला गया। डीएसबी परिसर नैनीताल ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर को 29/15 के स्कोर से हराया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच महाविद्यालय हल्द्वानी तथा महावि द्यालय काशीपुर के मध्य खेला गया इस मैच में महाविद्यालय हल्द्वानी ने काशीपुर को 37/11 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच महाविद्यालय रुद्रपुर तथा डीएसबी परिसर नैनीताल के मध्य खेला गया। इस मैच में महाविद्यालय रुद्रपुर ने डीएसबी को 27/08 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच महावि द्यालय हल्द्वानी तथा महावि द्यालय रुद्रपुर के मध्य खेला गया फाइनल मैच में महाविद्यालय रुद्रपुर ने महाविद्यालय हल्द्वानी को 33/29 के स्कोर से हराकर फाइनल में अपनी जीत हासिल की। समापन सत्र के मुख्य अतिथि मंडी परिष अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर ने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय खेलों के क्षेत्र में लगातार अग्रणी होकर राष्ट्रीय एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर उत्तराखंड तथा विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहा है। मुख्य अतिथि ने विजेता तथा उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता से कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया जाएगा जो अखिल भारतीय अंतर विश्ववि द्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन सिंह बसेड़ा,रंजीत सिंह मटियाली रहे। उक्त अवसर पर डॉ सुरेंद्र सिंह,डॉ राजेश कुमार, डॉ सुदर्शन कुमार, लोकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



# कांग्रेस नेता परवेज पर लगाया धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूतबंगला निवासी पार्षद पद के दावेदार भाजपा नेता ने यहीं के निवासी कांग्रेस नेता व उसके भाईयों पर धमकाने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में मोहसीम मिया पुत्र अनीश मियां उर्फ गुड्डू निवासी वार्ड 20 भूतबंगला ने कहा है कि वह भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता है तथा वर्तमान में भूतबंगला वार्ड 20 से पार्षद पद हेतु तैयारी कर रहा है। अपने वार्ड के लोगो की मदद करता है तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाता है वार्ड के कांग्रेसी नेता परवेज कुरैशी उसके भतीजे सुऐब कुरैशी व शहजाद कुरैशी द्वारा लगभग 2 माह पूर्व तथा 25 अक्टूबर की रात्रि सोशल मिडिया इस्टाग्राम शहजाद कुरैसी नाम की आईईडी से चुनाव में खड़ा होने पर जान से मारने की धमकी दी तथा पूरे वार्ड का माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे है । मोहसीम का कहना है कि उक्त लोग उसके व उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना कारित कर सकते है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# छात्रों को लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित कर रही है सरकार:सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। छात्रसंघ चुनाव युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो उन्हें नेतृत्व की बारीकियों और समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है। वर्तमान सरकार द्वारा छात्रसंघ चुनाव न कराने का निर्णय न केवल छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास है, बल्कि उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का सीधा हनन भी है। जारी एक बयान में विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि सरकार हर चुनाव से बचने का प्रयास कर रही है, चाहे वह निकाय चुनाव हो या छात्रसंघ चुनाव। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार को अपनी नीतियों के प्रति जनविरोध का भय है। छात्रसंघ चुनाव केवल एक औपचारिकता नहीं है। यह छात्रों के विचारों, आकांक्षाओं और अधिकारों की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच है। लोकतंत्र में युवाओं को उनके अधिकारों से वंचित करना सरकार की जनविरोधी मानसिकता को दर्शाता है।उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और युवाओं को उनके अधिकारों से वंचित न करे। लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है, और इसके लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे।

# खाद्य सुरक्षा का छापामार अभियान जारी

खटीमा (उद संवाददाता)।आगामी त्योहार दीपावली को मद्देनजर रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खटीमा में प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। संदेह के आधार पर 02 मावा, 01 लॉज, 01 मिल्क केक, 01 बालूसाई, 01 मावे की बर्फी के कुल 06 नमूने जांच हेतु लिये गये। टीम द्वारा सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा एफएसएसए एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप नहीं पाये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय/संग्रहण/ निर्माण किया जाता है एवं बिना पंजीकरण /लाईसेंस के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी। लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकार्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत करें। टीम में जिला अभिहित अधिकारी, डा० प्रकाश फुलारा,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह, आशा आर्या शामिल थे।



# संवाद कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने उठाई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अधिवक्ताओं के साथ एक संवाद कार्यक्रम अभिनव भारत के तत्वाधान में संपन्न हुआ। जिसमें कार्यक्रम के संयोजक कौस्तुभनंद जोशी प्रदेश कार्यालय सचिव भाजपा उत्तराखंड ने सभी अधिवक्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर से 370 धारा हटी है और अयोध्या राम मंदिर का निर्माण हुआ है तो वह अधिवक्ताओं के ही परिश्रम और मेहनत के कारण हुआ है। इसलिए सभी अधिवक्ता बधाई के पात्र हैं।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर पंत ने कहा कि अधिवक्ताओं के नए चौंबर्स का निर्माण हो और जो अधिकता खुले में बैठते हैं उनके लिए टीन शेड का निर्माण हो समेत अधिवक्ताओं की दर्जनों समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी में सुनील पुंडीर उपाध्यक्ष, मोहन सिंह बिष्ट सचिव, उप सचिव योगेश चंद्र लोहनी, महिला उपाध्यक्ष भगवती पड़लिया, लेखा अधिकारी आरपी पांडे कार्यकारिणी सदस्य मोहित पांडे, पूजा लटवाल, दीप्ति चुफाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन निगलटिया आदि ने अपने विचार रखे।संचालन अधिवक्ता बृजेश सिंह बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में हाई कोर्ट बार के पूर्व महासचिव संदीप तिवारी, योगेश शर्मा, राजीव ओली, भुवन भट्ट, मधुकर बनोला, रत्नेश शाह, विनोद तिवारी, अमित चौधरी, अंशुल पांडे, दिनेश पांडे, चेतन कोहली, सुनील जोशी, सुनील जोशी, अनिल चंदोला आदि अधिवक्ता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 1.61 करोड़ की तीन सड़कों का जल्द होगा निर्माण: बेहड़
## बेहड़ ने पन्द्रह लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों के किये उद्घाटन

किच्छा (उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि किच्छा विधानसभा के अंतर्गत् तीन सड़कों के निर्माण कार्य की स्वीकृति राज्य योजना के तहत प्राप्त हो गयी है । जिसमें पनचक्की फार्म में नहर के साथ सुनहरा 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण लागत 69.70 लाख, ग्राम अंजनिया में श्मशान घाट को जाने वाली 700 मीटर सड़क का निर्माण लागत 48.01 लाख, ग्राम कनकपुर में प्रतापपुर मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 1.5 किलोमीटर लागत 44.07 लाख शामिल है। इन सड़कों का जल्द निर्माण कार्य आरम्भ कराया जायेगा। विधायक बेहड़ ने आज अपनी विधायक निधि से निर्मित कराये गए लगभग 15 लाख की लागत के क्रमश: ग्राम पंतपुरा में 4.72 लाख रुपए की लागत से निर्मित देवी मंदिर में कमरे का, ग्राम अंजनिया में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सार्वजनिक स्थान पर कमरे के निर्माण कार्यों का उद्घाटन फीता काटकर किया। ग्रामवासियों द्वारा विधायक बेहड़ का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया व आभार जताया। बेहड़ ने ग्रामीण जनसंवाद के चौथे दिन ग्राम दोपहरिया,पन्तपुरा, अंजनिया ,पुरानी गिद्दपुरी,गिद्दपुरी व वीरूनगला में जन संवाद किया व लोगों की समयायें सुनी व निराकरण हेतु आवशयक कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों से उनके गाँव समबन्धित विकास कार्यों के सुझाव मागें। इस दौरान मेजर सिंह,विनोद पन्त,ओमप्रकाश गंगवार, प्रतिभा रघुवंशी,गुलशन सिन्धी,धर्मेन्द्र सिन्धी,गुरदेव सिंह, हीरालाल गंगवार ,किशनबजाज,भानु वासवानी,नरेंद्र बागवानी, रेवा चाँद ,रमेश चंद,उधवदास, ज्ञानीगिरी,रजत गंगवार,करन, प्रतीक पन्त,जसवंत गंगवार,चन्द्रप्रकाश गंगवार, ओमकार,सुखदेव सिंह,परमजीत सिंह पम्मी,प्रेमराज,साब सिंह,प्यारेलाल समेत सैकड़ो की तादात में ग्रामवासी मौजूदरहे



# छत पर गिरे युवक को चोर समझकर पीटकर किया अधमरा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शांति विहार कॉलोनी में एक युवक के असंतुलित होकर पड़ोसी के घर की छत पर गिर जाने के बाद उसे चोर समझकर लोगों बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक के भाई द्वारा कोतवाली पुलिस पर मामले में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देने के पश्चात पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड 16 शांति कॉलोनी निवासी शानू अग्निहोत्री ने शिकायती पत्र में कहा कि वह अपने भाई मोहित के साथ बुआ के घर आया था। 17 अक्तूबर को भाई के साथ बुआ के खरीदे ई-रिक्शा को लेकर चला गया था। इस दौरान रात ज्यादा होने के चलते वह और भाई घर आए थे। दोनों खानाश खाने के बाद छत पर टहलने गए थे। इसी बीच पर टहलते समय भाई मोहित का पैर फिसल गया और वह बगल वाले घर में किचन के टिनशेड पर गिरकर घायल हो गया। इससे टिन टूट गई। इसके बाद घर में रहने वालों ने भाई को लात घूसों और डंडों से बेरहमी से पीट दिया साथ ही भाई को चोर कहकर सड़क पर फेंक दिया। उसके बाद वह और बुआ उसे अस्पताल ले जा रहे थे तो आरोपी गाड़ी के आगे खड़े हो गए। बुआ ने डायल 112, 1090 पर सूचना दी थी। भाई उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। उसने कोतवाली में शिकायत की मगर कार्रवाई नहीं की गई थी। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# एसपी सिटी ने व्यापारियों के साथ बैठक में दिए दिशा निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी धनतेरस और दीपावली को सकुशल मनाए जाने के लिए एसपी सिटी ने व्यापारियों के साथ की बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गोष्ठी के उपरांत अग्निशमन आपात टीम को लेकर उन्होंने शहर में लगे फायर हाइड्रेंट को चेक किया। प्रकाश चंद एसपी सिटी द्वारा आगामी धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत शहर के व्यापारियों, ज्वैलर, प्रतिष्ठानों के मालिकों आदि व्यक्तियों के साथ बहुउद्देशीय भवन मीटिंग हाल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित समस्त व्यक्तियों से आगामी धनतेरस, दीपावली त्यौहार के संबंध में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई और अनेकों सुझाव प्राप्त किए गए। सभी को आश्वस्त किया गया कि इन त्योहारो के दौरान बाजार क्षेत्र में अधिक संख्या में पुलिस बल नियुक्त किया जाएगा। साथ ही चोरी, छीनाझपटी, टप्पेबाजी आदि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सादे वस्त्रों में पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। एसपी सिटी द्वारा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सभी व्यक्तियों से अनुरोध किया कि धनतेरस व दीपावली के दृष्टिगत बाजार क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अपना दुपहिया व चौपहिया वाहन न ले जाएं और अन्य लोगों को भी इस संबंध में अवगत कराएं। समस्त दुकानों प्रतिष्ठानों आदि में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं। जो कैमरे खराब हैं उन्हें ठीक क्रियाशील बनाए। यातायात नियंत्रण हेतु वाहनों को निर्धारित स्थल पर पार्क करें। किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना देने हेतु सभी को पुलिस इमरजेंसी नंबर उपलब्ध कराए गए। साथ ही सभी को अवगत कराया कि अपनी-अपनी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में काम करने वाले भी कर्मियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं।बड़े बड़े शोरुम एवं ज्वैलर्स की दुकानों में नियुक्ति सुरक्षा गार्ड को सतर्क रहने को कहा गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन त्यौहारों के दौरान अग्निशमन आपात सेवा का दल भी बाजार, पटाखों की दुकानों के निकट अलर्ट मोड में मौजूद रहेंगे। लोकल इंटेलिजेंस टीम भी सक्रिय होकर कार्य करेंगी तथा बाजार में बम निरोधी दस्ता, डॉग स्क्वॉड भी लगातार चेकिंग करेंगे, जिससे कोई भी अपरिहार्य घटना से बचा जा सके। गोष्ठी के दौरान नितिन लोहनी, सीओ, एसएसआई महेंद्र प्रसाद समेत शहर के व्यापारियों, ज्वैलर, प्रतिष्ठानों के मालिक तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। गोष्ठी के उपरांत एसपी सिटी द्वारा बाजार क्षेत्र में नितिन लोहनी सीओ के साथ गौरव किरार मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद नैनीताल के पर्यवेक्षण में अग्निशमन आपात सेवा की टीमों के साथ फायर हाइड्रेंट की चेकिंग की गई। जिससे आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए बेहतर तैयारी की जा सके।






# दर्जनों महिलाओं को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष,श्रीमती मीना शर्मा शनिवार को सुबह खेड़ा पहुंची, जहां उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निसार अहमद के आवास पर दर्जनों महिलाओं को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की सदस्यता ग्रहण कराई। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित दर्जनों महिलाओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीमती शर्मा को फूलों की मालाओं से लाद दिया, बाद में श्रीमती शर्मा ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार देशभर में चलाए जा रहे डिजिटल सदस्यता अभियान के अंतर्गत दर्जनों महिलाओं को महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई, यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि देश में बदलाव की बयार चल रही है, देश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाना चाहती है,और अब वह आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की तरफ देख रही है,श्रीमती शर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार पूरे देश भर में महिला कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लाखों महिलाएं महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रही हैं, उत्तराखंड में भी ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में हजारों महिलाओं ने महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण की है, रुद्रपुर विधानसभा में भी उन्होंने वार्ड स्तर पर घर घर जाकर और ग्रामीण क्षेत्र में भी गांव गांव जाकर महिलाओं को महिला कांग्रेस से जोड़ने का काम किया है, उन्होंने कहा कि जो महिलाएं, महिला कांग्रेस की सदस्यता ले रही हैं, उनका कांग्रेस में पूरा मान सम्मान होगा, और उनकी हर समस्या के निराकरण के लिए वह कोई और कसर बाकी नहीं छोड़ेंगी,इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में नगर पालिका परिषद के पूर्व नामित सभासद उमर अली सलमानी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निसार अहमद, रईस रजा,गुड्डू बाशीद, यासीन खान, हारून, इदरीस सलमानी, इरफान खान,राजा उमर अली, सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।



# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर साढ़े आठ लाख की ठगी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर आठ लाख 85 हजार रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, पुलिस अब जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार देघाट थाना क्षेत्र निवासी युवक मनीष कुमार ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। कहना है कि उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग से डिप्लोमा किया है। बताया कि नवंबर 2023 उनका परिचय एक जानने वाले व्यक्ति के माध्यम से गिरीश चंद्र मिश्रा, जिला नैनीताल से हुई। जिसके बाद आरोपी ने उनसे जान पहचान बढ़ाई, फोन पर लगातार वार्ता की। आरोप है कि इस बीच आरोपित ने बताया कि उत्तराखंड सचिवालय में कार्यरत है, और कई लोगों की नौकरी लगा चुका है। इसके बाद आरोपी ने वीडियों कॉल के माध्यम से कई घंटे वार्ता की और उसे अपने जाल में फंसा लिया। बताया कि इस बीच आरोपी ने बताया कि एक आइएएस से अच्छे संबंध है, वह उनकी नौकरी कनिष्ठ अभियंता (जेई) के पद पर लगा देगा। फोन पर पैसो की डिमांड करने लगा। बताया कि झांसे में आकर उन्होंने अपनी बहन के खाते से आरोपी के खाते में 8 लाख 50 हजार रुपये भेज दिए। बताया कि इसके बाद फरवरी में जेई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। लेकिन इसमें उनका चयन नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने पैसे वापस मांगे। जिसके बाद आरोपी ने उन्हें एक सप्ताह का समय मांगा। लेकिन आज तक उन्हें उनकी धनराशि वापस नहीं दी। जबकि अब पैसे मांगने पर आरोपी उन्हें धमका रहा है। उन्होंने पुलिस से मामले में आरोपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। देघाट थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गुरूद्वारा नानकमत्ता में दीपावली मेले की तैयारियों जोरों पर

## दुकानें,झूला,सर्कस,मौत का कुंआ लगाने का काम हुआ शुरू

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। उत्तर भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक दीपावली मेले को लेकर गुरूद्वारा कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी गई है। मेले में झुले सर्कस, मौत का कुंआ लगने शुरू हो गए है। दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में हर वर्ष दीपावली पर्व एंव बंदी छोड़ दिवस पर गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी द्वारा दस दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में भारी संख्या में उत्तराखण्ड,पंजाब के साथ ही यूपी के पीलीभीत, पुरनपुर, बीसलपुर, बरेली,शाहंजहांपुर ,रामपुर, एटा, इटावा, बदांयू से श्रद्धालु पहुंचते है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन के साथ गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी व्यापारी तैयारी एक माह पूर्व ही शुरू कर देती है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गुरू का लंगर अटूट चलता है, वही श्रद्धालुओं के रहने व ठहरने की व्यवस्था के साथ पीने का पानी, सुलभ शौचालय, पार्किंग आदि की व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाती है। मेले में झूला सर्कस, मौत का कुंआ आकर्षण का केन्द्र होते हैं। 31 अक्टूबर से लगने वाले दीपावली मेले के लिए दुकानदारों ने आना शुरू कर दिया है। झुला, सर्कस ,मौत का कुंआ लगने शुरू हो गए है। वही सिलवट्टे के कारीगरों ने एक माह पूर्व ही सिलवट्टे तैयार करने शुरू कर दिए है। कमेटभ के प्रबंधक रणजीत सिंह ने बताया कि मेले को लेकर तैयारियों अंतिम दौर में है। गुरूद्वारा परिसर में रंगाई पुताई, लाईट आदि का कार्य चल रहा है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहें है।





# दीप आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजाद समाज पार्टी के आयोजित हुए एक कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा दीप चन्द्र आर्या को पार्टी के जिला महासचिव पर नियुक्त करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने पर भी विस्तार से मंथन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सह प्रभारी, सतेन्द्र अशोक, प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह, उपाध्यक्ष अहतशाम आजाद, जिलाध्यक्ष भीम आर्मी सतेन्द्र कुमार, जय सिंह, राजपाल, साबिर, जसवीर सिंह,दीपक सागर, सुरेश कोरी, इकबाल, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।



# दुकानों के बाहर रखे सामान रखने वालों को दी चेतावनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका प्रशासन ने गदरपुर के नगर क्षेत्र में भारी भीड़ एवं दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर निर्देश जारी किए हैं। ईओ संजीव मेहरोत्रा ने व्यापारियों से अपील करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,महामंत्री संदीप चावला एवं कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा के माध्यम से अतिक्रमण हटाए जाने की अपील की है उनका कहना था कि जिन व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर नाले पर स्लैब पर अतिक्रमण कर रखा है। वह अति शीघ्र उस अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा सामान जप्त किए जाने एवं जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




## पेज एक का शेष...

**नौ दिन में एक कदम भी ..**रहे हैं। जैसी ही रिपोर्ट राजस्व परिषद तक पहुंचेगी, वैसी ही रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। जाहिर है कि नौकरशाही के काम करने की इस रफ्तार के चलते राज्य में बाहरी लोगों द्वारा ,एक परिवार के लिए 250 वर्ग मीटर जमीन खरीदने के प्रावधान का उल्लंघन करने तथा क्रय की गई जमीन को बताए गए प्रयोजन से, इतर प्रयोजन के लिए इस्तेमाल करने के कारनामों से पर्दा उठने में अभी काफी समय लगेगा।

**छात्र की पिटाई...** के बाहर से अपने साथियों को बुला लिया और सिगरेट पीने से टोकने वाले सीनियर छात्र और उसके एक साथी को रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। इस बीच काफी देर तक छात्रों में मारपीट हुयी, आरोप है कि छात्र के साथ बाहर से आये उसके दोस्तों ने चाकू से भी हमला किया। जिसमें कई छात्रों को चोटें आयी है। घटना के विरोध में आज बड़ी संख्या में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया और बाहर से आकर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। धरने पर बैठे छात्रों का कहना था कि विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाले कुछ प्रभावशाली लोग मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं और आरोपी छात्रों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। छात्रों का कहना था कि जूनियर छात्र के साथ आये हमलावर करीब बीस-पच्चीस की संख्या में थे, इस दौरान वहां पर पंतनगर विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी मूक दर्शक बने रहे। छात्रों नु रक्षा कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की माग की। छात्रों के रने की सूचना पर पंतनगर थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा मौके पर पहुंचे उन्होंने छात्रों से बात कर उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**सामिया बिल्डर्स पर ...**संपर्क कर रहे हैं। वे उचित उत्तर नहीं देते हैं। यदि हमने 2007 में बैंक में 11,52,000 रुपये की सावधि जमा राशि सत्रह वर्षों में 42,62,421 रुपये होती। सामिया बिल्डर्स ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मुख्य बाजार से हटाने...**लगी तो वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने ठेली स्वामियों को समझा कर उनकी ठेलियां हटवा दी। जिस पर सभी ठेली स्वामी आक्रोषित हो गये और उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने जाम लगाने की भी कोशिश की। उनका कहना था कि वह पिछले कई वर्षों से मुख्य बाजार बाटा चौक पर दीपावली पर ठेली लगाकर पूजा का सामान बेचते हैं। लेकिन पुलिस उनकी रोजी पर लात मार रही है। उन्होंने गांधी पार्क में जाने से मना कर दिया। इस दौरान पिंकू, संजू गुप्ता, राममूर्ति गुप्ता, राजू कोली, राजू रस्तौगी, गंगाधर प्रजापति, संजीव कुमार, प्रशांत शर्मा तमाम ठेली स्वामी मौजूद रहे।

**हाईवे पर बदमाशों का...**तीन बदमाशों ने अचानक सामने आकर स्कूटी रूकवा दी और तमंचे की नोक पर लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचों की बट और लोहे की राड से हमला कर दिया। जिससे भाजपा नेता की पत्नी का सिर फट गया और और भाजपा नेता सुभाष तनेजा का हाथ और पैर फैक्चर हो गया। दोनों लहुलुहान होकर वहीं गिर पड़े। बदमाशों ने दंपत्ति के गले से तीन तीन तोला सोने की दो चेन, मोबाइल और 15 जार की नगदी लूट ली और मौके से फरार हो गये। राह चलते लोगों ने घायल दंपत्ति को अस्पताल भर्ती कराया। घायल भाजपा नेता की तहरीर के आधार पर रूद्रपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो दिन बीतने के बावजूद फिलहाल पुलिस बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा पायी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

ईशा ट्रेडर्स

हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।
पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूर्वस पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट
व सभी प्रकार के इंटीरर्यर एवं एक्सटीर्यर मटेरियल इत्यादि
दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट

महासेल Upto 50%
Since 2004


आर्टफिशयल घास

पी.यू. मार्बल शीट

वालपेपर

यू. वी. शीट

सम्पर्क सुत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270
पताः- एस. आर. ए. डी-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)

Haier
World's No.1
Brand in Major Appliances

गुरू मां

This Diwali
CELEBRATE BIG MOMENTS



SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
Smart WIFI Connectivity | Smart Food Management | Smart Convertible 3Door | Deo fresh Technology | Jumbo Ice-Maker
Range available from 531 L to 712 L

DISCOVER THE FUTURE OF LAUNDRY WITH AI DBT
Enhanced Washing Quality | Vibration Free Performance | Removes Up To 72 Hour Old Stains | 5 Year Complete Warranty* | 30 Days Money Back Guarantee*
Range available from 6 KG to 12 KG





OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY GoogleTV
Dolby | MEMC 120HZ | Dolby | harman kardon


Range available from 81 cm to 2.48 m

EXCITING OFFERS
UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK*
1 EMI OFF*
EXTENDED WARRANTY
PAY ₹1 TAKE HAIER HOME*
FIXED EMI STARTING ₹994#

AMERICAN EXPRESS | DBS | FEDERAL BANK | HDFC BANK | pine labs | SBI card | YES BANK

GURU MAA ELECTRONICS

RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704